प्रति,

डॉ. रमन सिंह जी

अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़

रायपुर

विषय: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अन्य कांग्रेसी विधायकों द्वारा दुर्व्यवहार एवं अशोभनीय हरकत किये जाने बाबत।

महोदय जी,

विनम्र निवेदन है कि मैं पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हूँ। देश-प्रदेश के विभिन्न अख़बारों एवं राष्ट्रीय चैनलों में लंबे समय तक कार्यरत रहा हूँ। इस अवधि में मध्यप्रदेश विधानसभा भोपाल के अलावा छत्तीसगढ़ विधानसभा की सम्मानित पत्रकार दीर्घा सलाहकार समिति का विगत 15 वर्षों से सदस्य भी रह चूका हूँ। वर्त्तमान में आपके सानिध्य में पुनः मुझे इस दीर्घा का सदस्य नियुक्त किया गया है। दिनांक 20/12/2024 को विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके साथ मौजूद अन्य कांग्रेसी विधायकों द्वारा अंजाम दी गई आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार घटना से मैं हैरत में हूँ।

सदन में जारी कार्यवाही के बीच कांग्रेसी विधायकों ने बहिर्गमन कर परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष नारेबाजी एवं धरना दिया था। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेसी विधायकों द्वारा 'चौकीदार चोर है' नारा लगाया जा रहा था। मेरे द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से इसी नारे को आधार बनाकर सवाल किया गया कि 'छत्तीसगढ़ का पूर्ववर्ती चौकीदार भी चोर है' ? इस प्रश्न से बौखलाए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने मेरे प्रश्न को तोड़-मरोड़ कर कांग्रेसी विधायकों को उकसाया गया कि 'पत्रकार द्वारा कहा जा रहा है कि कांग्रेसी विधायक चोर है' ? पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के इस कदम के बाद कांग्रेसी विधायकों ने मेरे साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। उन्होंने मेरे कैमरे एवं माइक तोड़ दिए, हमला करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भी मेरी ओर दौड़े। मुझे सवाल पूछने पर घुटना टेकने के लिए जोड़ देने लगे। इस दौरान समूचा मीडिया एवं अन्य लोग मौके पर मौजूद थे। पूरे घटना क्रम को कैमरे में कैद किया गया है। मेरे सवालों एवं कांग्रेसी विधायकों के आपत्तिजनक व्यवहार का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।सदन के कई सम्मानित सदस्यों एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रीगणों ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं कांग्रेसी विधायकों के आशालीन व्यवहार को लेकर अपना बयान भी ट्विटर एवं फेसबुक समेत प्रेस-मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर जारी किया है।

सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में अंजाम दिए गए कई बड़े घोटालों की जांच शुरू की है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के करीबी कई अधिकारी और सहयोगी विभिन्न घोटालों के आरोप में जेल की हवा खा रहे है। राज्य के EOW के अलावा भारत सरकार की एजेंसी ED एवं सीबीआई उन घोटालों की जांच में जुटी है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के खिलाफ 6 हज़ार करोड़ के महादेव ऐप सट्टा घोटाले की सीबीआई जांच जारी है। कई घोटालों में बतौर मुख्यमंत्री आरोपी उनके खिलाफ विवेचना भी की जा रही है। ऐसे में उनके द्वारा लगाया जा रहा 'चौकीदार चोर है' नारा बेमानी नजर आने पर मेरे सवाल किया गया कि 'क्या छत्तीसगढ़ का पूर्व चौकीदार भी चोर है' ? इस सवाल को सुनते ही पूर्व मुख्यमंत्री अपना आपा खो बैठे और किसी सड़क-छाप गुंडे-मवाली की तर्ज पर व्यवहार करने लगे।

महोदय जी से विनम्र निवेदन है कि घटना की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करें। मैं जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान करूँगा।

धन्यवाद

दिनांक - 21/12/2024

स्थान - रायपुर

भवदीय

सुनील नामदेव

सदस्य - पत्रकार दीर्घा सलाहकार

समिति विधानसभा छत्तीसगढ़ रायपुर